# Raipur, Chhattisgarh: 28 जून 2026

**- जीवन की राह को आसान बनाने की अनूठी पहल...**

**- ब्रह्माकुमारीज के यातायात एवं यात्री प्रभाग का आयोजन...**

**- यात्री कृपया ध्यान दें - के अन्तर्गत सुहाना सफर कार्यक्रम हुआ...**

**- जीवन के सफर में हमारी मुस्कान ही हमारी असली पहचान... ब्रह्माकुमारी कविता दीदी**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के यातायात एवं यात्रा प्रभाग द्वारा जीवन की यात्रा को आसान, आनन्दमय और सफल बनाने के लिए यात्री कृपया ध्यान दें -कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चर्चा का विषय था सुहाना सफर-एन एडवेन्चर इन टू अवेयरनेस। इस कार्यक्रम के माध्यम से भौतिक यात्रा और जीवन यात्रा के बीच समानताएं दर्शाते हुए प्रतिभागियों को आन्तरिक शान्ति और खुशी का मार्ग बतलाया गया।

समारोह में मुम्बई से पधारी यातायात प्रभाग की नेशनल कोआर्डीनेटर ब्रह्माकुमारी कविता दीदी, विधायक पुरन्दर मिश्रा, पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला, एडीआरएम बजरंग अग्रवाल, सीनियर डीसीएम अवधेश कुमार त्रिवेदी, ब्रह्माकुमारी सविता दीदी और ब्रह्माकुमार सुवास भाई ने हिस्सा लिया।

यातायात प्रभाग की नेशनल कोऑर्डीनेटर ब्रह्माकुमारी कविता दीदी ने सभी को जीवन में होने वाले बदलाव को स्वीकार करने की प्रेरणा देते हुए कहा कि जिस प्रकार एक यात्री अपनी यात्रा के दौरान टिकट, पहचान पत्र और दवाईयाँआदि लेकर चलता है उसी प्रकार जीवन के सफर में हमारी मुस्कान ही हमारी असली पहचान है और लोगों से मिलने वाली दुआएं ही दवा का काम करती हैं। इस रोमांचक यात्रा में उन्होंने विभिन्न स्टेशन के माध्यम से मानवीय मूल्यों और जीवन दर्शन की शिक्षा भी दी।

आधुनिक चुनौतियों की चर्चा करते हुए उन्होंने पर्यावरण के प्रति जागरूकता और अपने कर्मों के प्रति सजगता बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने नो नेटवर्क जोन के माध्यम से डिजिटल दुनिया की बजाए वास्तविक सम्बन्धों और राजयोग मेडिटेशन को अपनाने पर जोर दिया। अन्त में प्रतिभागियों को राजयोग के अभ्यास  द्वारा स्वयं को परमात्मा से जोडऩे का अनुभव कराया गया ताकि उनका हर पल सुहाना बन सके।

विधायक पुरन्दर मिश्रा ने कहा कि सडक़ सुरक्षा एवं यातायात एक जटिल समस्या है। इसे हल करने के लिए सबको संगठित रूप से प्रयास करने की जरूरत है। हमें देशहित और राज्य के हित में एकजुट होकर काम करना होगा इसी में हमारा स्वयं का हित भी निहित है। इसमें जनजागरण की प्रमुख

भूमिका हो सकती है।

पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने कहा कि यातायात एक ऐसा प्रभाग है जो कि हम सबके जीवन से जुड़ा हुआ है। हम अक्सर यह सुनते आए हैं कि जितना कम सामान होगा उतना सफर आसान होगा। प्रकृति का स्वभाव है देना। वह हमें हवा, पानी प्रदान करती है। हमारा शरीर पांच तत्वों से बना है इसलिए हमारा स्वभाव भी देने का होना चाहिए। जीवन में कुछ पाना चाहते हैं तो दूसरों को देना सीखें।

अपर मण्डल प्रबन्धक (एडीआरएम) बजरंग अग्रवाल ने कहा कि हमारा जीवन सरल होना चाहिए जटिल नहीं। सरलता से जीवन में खुशी मिलती है। जीवन में जो कुछ मिला है उस पर सन्तोष रखें। ईश्वर का और प्रकृति का धन्यवाद करें।

वरिष्ठ वाणिज्य प्रबन्धक (सीनियर डीसीएम) अवधेश कुमार त्रिवेदी ने कहा कि जीवन और रेलगाड़ी में काफी समानताएं हैं। हमें पता नहीं है कि जीवन का लक्ष्य क्या है? सब भाग रहे हैं। लेकिन कहीं तो रूकना पड़ेगा। हमेें ठहरकर जीवन की सार्थकता पर चिन्तन करना होगा।

प्रारम्भ में रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज के बाल कलाकारों द्वारा मनमोहक स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमारी सौम्या दीदी ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में यातायात प्रभाग से जुड़े लोग एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## फोटो परिचय-

फोटो १. दीप प्रज्वलित कर यात्री कृपया ध्यान दें कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी, विधायक भ्राता पुरन्दर मिश्रा जी, पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला जी, यातायात प्रभाग की नेशनल कोआर्डीनेटर ब्रह्माकुमारी कविता दीदी और बीके सुवास भाई।

२. पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला जी द्वारा सम्बोधन। मंच पर विराजमान हैं-रेल्वे के अपर मण्डल प्रबन्धक भ्राता  बजरंग अग्रवाल जी, ब्रह्माकुमारी सविता दीदी, वरिष्ठ वाणिज्य प्रबन्धक (रेल्वे) भ्राता अवधेश कुमार त्रिवेदी जी, यातायात प्रभाग की नेशनल कोआर्डीनेटर ब्रह्माकुमारी कविता दीदी और ब्रह्माकुमार सुवास भाई।

३. मुम्बई की ब्रह्माकुमारी कविता दीदी द्वारा उद्बोधन।

४. एवं ५. समारोह में उपस्थित यातायात से जुड़े लोग एवं प्रबुद्घ नागरिकगण।

६. एवं ७. ब्रह्माकुमारीज के बाल कलाकारों द्वारा प्रस्तुत स्वागत नृत्य।





जीवन की यात्रा को आसान, आनन्दमय और
सफल बनाने के लिए आयोजित
ट्रांसपोर्ट ट्रैवल्स विंग की ओर से विशेष कार्यक्रम
यात्री कृपया ध्यान दें
विषय - सुहाना सफर
BRAHMA KUMAR


90
जीवन की यात्रा को आसान, आनन्दमय और
सफल बनाने के लिए आयोजित
ट्रांसपोर्ट ट्रेवल्स विंग की ओर से विशेष कार्यक्रम
यात्री कृपया ध्यान दें




की यात्रा
विंग
दें